Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of a mega food park in Pali Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): सभापति महोदय, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारे देश में किसानों की आय में वृद्धि करने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने एवं किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और खुदरा विक्रेताओं को एक साथ लेते हुए, कृषि उत्पादों को सीधे बाजार से जोड़ने हेतु मेगा फूड पार्क की स्थापना की जा रही है । मेगा फूड पार्क मे संग्रहण केन्द्रों, प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्रों, केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्रों, शीत श्रृंखला और उद्यमियों द्वारा प्रसंस्करण यूनिट्स की स्थापना हेतु 25 से 30 पूर्ण विकसित भूखण्डों समेत आपूर्ति श्रृंखला एवं अवसंरचना शामिल है ।

महोदय, मैं आपका ध्यान राजस्थान के पश्चिमी हिस्से में मेगा फूड पार्क की संभावनाओं की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि पश्चिमी राजस्थान खाद्य सामग्री, व्यंजनों आदि के लिए विश्वविख्यात है । यहां की खाद्य सामग्री की मांग देश में ही नहीं, अपितु विदेशों में भी रहती है । पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र में उत्पादित कृषि जिंसों की गुणवत्ता भी श्रेष्ठ है । पश्चिमी राजस्थान में मेरे संसदीय क्षेत्र पाली के मथानिया क्षेत्र में मेगा फूड पार्क की स्थापना की अपार संभावनाएं हैं । मथानिया पूरे विश्व में अपनी मिर्ची के लिए विश्वविख्यात होने के अलावा प्याज, लहसुन, गाजर, मूंगफली आदि के लिए पूरे भारतवर्ष में प्रसिद्ध है । फूड पार्क की स्थापना के लिए यहां लगभग 300 बीघा सरकारी भूमि भी चिन्हित की जा चुकी है । यह क्षेत्र सड़क व रेल मार्ग से जुड़ा है, जिसका फायदा होगा । मेगा फूड पार्क बनने से यहां के कृषि क्षेत्र में काम करने वाले हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र की कृषि उपज का उचित प्रबन्धन भी होगा ।

महोदय, इस फूड पार्क के लिए केन्द्र सरकार से 50 करोड़ रुपये से अधिक सहायता राशि भी प्रस्तावित है । राजस्थान सरकार द्वारा इसकी प्रक्रिया

में ढिलाई बरती जा रही है । मेरा आपके माध्यम से माननीय प्रसंस्करण उद्योग खाद्य मंत्री जी निवेदन है कि मेरी लोक सभा क्षेत्र के मथानिया क्षेत्र में मेगा फूड पार्क की जल्द स्वीकृति हेतु आदेश देने की कृपा करें । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।